

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–37/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना, 04 अप्रैल, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक मनोज कुमार के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि पद्मश्री एवं दादा साहेब फाल्के अवार्ड सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित मनोज कुमार को देशभक्ति पर आधारित उनकी फिल्मों के कारण 'भारत कुमार' के नाम से जाना जाता था। उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से जनमानस में देशभक्ति की भावना जागृत की तथा लोगों को सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। उनके निधन से फिल्म जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। वे अपनी कालजयी फिल्मों के जरिये दर्शकों के दिलों में सदैव बने रहेंगे।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा शोक संतप्त परिजनों एवं प्रशंसकों को धैर्य, साहस एवं संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

..........................................